Sample Question Paper
Psychology (592)
Class 12th
Marking scheme

| Q. No. | PART - A | Distribution of Marks |
|---|---|---|
| 1 | टाइप A<br>Type A | 1 |
| 2 | हैंस सेल्ये<br>Hans Selye | 1 |
| 3 | मानक<br>Norms | 1 |
| 4 | वोल्प<br>Wolpe | 1 |
| 5 | विश्वास<br>Belief | 1 |
| 6 | भीड़<br>Crowd | 1 |
| 7 | फ्रिट्ज हाईडर<br>Fritz Heider | 1 |
| 8 | विश्वविद्यालय<br>University | 1 |
| 9 | विक्टर फ्रंकेल<br>Victor Frankl | 1 |
| 10 | चिकित्सात्मक मैत्री<br>Therapeutic Relationship | 1 |
| 11 | चरम सीमा<br>Extremeness | 1 |
| 12 | अनियंत्रित भोजन<br>Binge Eating | 1 |
| 13 | A | 1 |
| 14 | A | 1 |
| 15 | B | 1 |
| | PART - B | |
| 16 | विवेकपूर्ण चिंतन करने, उद्देश्य पूर्ण कार्य करने तथा वातावरण के साथ प्रभावी रूप से समायोजन करने की क्षमता को बुद्धि कहते हैं। (2अंक) | 2 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | Intelligence, is the Global capacity to understand the world, think rationally, and use available resources effectively when faced with challenges.(2 Marks) | 2 |
| 17 | रक्षा युक्तियां वास्तविकता को विकृत कर दुश्चिंता को कम करने का एक तरीका है. उदाहरण -दमन, प्रक्षेपण .<br>(2अंक)<br><br>Defence mechanism is a way of reducing anxiety by distorting reality. Example- Repression, Projection.<br>(2 Marks) | 2<br><br>2 |
| 18 | सामाजिक दबाव: सामाजिक दबाव बाह्य जनित होते हैं तथा दूसरे लोगों के साथ हमारी अंतःक्रिया के कारण उत्पन्न होते हैं। परिवार मे किसी की मृत्यु या बीमारी, पड़ोसियों से परेशानी आदि सामाजिक दबाव के कुछ उदाहरण हैं।<br>(2अंक)<br>Social stress: These are induced externally and result from our interaction with other . Social events like death or illness in the family, trouble with neighbours are some examples of social stresses.<br>(2 Marks)<br>OR<br>दबाव का वर्णन किसी जीव द्वारा उद्दीपक घटना के प्रति की जाने वाली अनुक्रियाओं के प्रतिरूप के रूप में किया जा सकता है जो उसकी साम्यावस्था में व्यवधान उत्पन्न करता है तथा उसके सामना करने की क्षमता से कहीं अधिक होता है।<br>(2अंक)<br><br>stress can be described as the pattern of responses an organism makes to stimulus event that disturbs the equilibrium and exceeds a person's ability to cope.<br>(2 Marks) | 2<br><br>2<br><br>2<br><br>2 |
| 19 | विवृतिभीति शब्द उस समय प्रयुक्त किया जाता है जब लोग अपरिचित स्थितियों में प्रवेश करने के भय से ग्रसित हो जाते हैं। इससे ग्रसित अधिकांश लोग अपने घर से निकलने में घबराते हैं, इसलिए जीवन के सामान्य गतिविधियों का निर्वहन करने की उनकी योग्यता भी अत्यधिक सीमित हो जाती है। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | (2अंक)<br>Agoraphobia is the term used when people develop a fear of entering unfamiliar situations. Many people with agoraphobia are afraid of leaving their home. So there ability to carry out normal life activities is severely limited.<br>(2 Marks) | 2 |
| 20 | व्यवहारात्मक समस्याओं वाले लोगों को कोई वांछित व्यवहार करने पर हर बार पुरस्कार के रूप में एक टोकन दिया जा सकता है। यह टोकन एकत्रित किए जाते हैं और किसी पुरस्कार से उनका विनिमय या आदान-प्रदान किया जाता है। जैसे रोगी को बाहर घुमाने ले जाना या बच्चे को बाहर खाना खिलाना। इसे टोकन अर्थव्यवस्था कहते हैं।<br>(2अंक)<br>Persons with behavioural problems can be given a token as a reward everytime a behaviour occures. The tokens are collected and exchanged for a reward such as an outing for the patient or a treat for the child. This is known as token economy.<br>(2Marks) | 2<br><br>2 |
| 21 | सामान्यतः लोग निम्न कारणों से समूह में सम्मिलित होते हैं -<br>सुरक्षा- जब हम अकेले होते हैं तो असुरक्षित अनुभव करते हैं । समूह इस असुरक्षा को कम करता है ।<br>व्यक्तियों के साथ रहना आराम की अनुभूति और संरक्षण प्रदान करता है।<br>प्रतिष्ठा या हैसियत - जब हम किसी ऐसे समूह के सदस्य होते हैं जो दूसरे लोगों द्वारा महत्वपूर्ण समझे जाते हैं तो हम सम्मानित महसूस करते हैं तथा शक्ति बोध का अनुभव करते हैं।<br>(1+1अंक)<br><br>These are the factors which motivated people to join that group:<br>(i) Security: When we are alone, we feel insecure. Groups reduce this insecurity. Being with people gives a sense of comfort, and protection.<br>(ii) Status: When we are members of a group that is perceived to be important by others, we feel recognized and experience a sense of power.<br>(1+1Mark) | 2<br><br>2 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | OR<br>औपचारिक तथा अनौपचारिक समूह संरचना के आधार पर भिन्न होते हैं। औपचारिक समूह का निर्माण कुछ विशिष्ट नियमों या विधि पर आधारित होता है और सदस्यों की सुनिश्चित भूमिकाएं होती हैं। इसमें मानकों का एक समुच्चय होता है जो व्यवस्था स्थापित करने में सहायक होता है। उदाहरण के लिए कोई विश्वविद्यालय।<br>दूसरी तरफ अनौपचारिक समूह का निर्माण नियमों या विधि पर आधारित नहीं होता और सदस्यों में घनिष्ठ संबंध होता है। (1+1अंक)<br><br>The formal and informal groups differ on the basis of structure. The formation of formal groups is based on some specific rules or laws and members have definite roles. There are a set of norms which help in establishing order. A university is an example of a formal group. On the other hand, the formation of informal groups is not based on rules or laws and there is close relationship among members. (1+1 Mark) | 2<br><br>2 |
| 22 | स्टर्नबर्ग ने बुद्धि का त्रिपाचीय सिद्धांत प्रस्तुत किया । इस सिद्धांत के अनुसार मूल रूप से बुद्धि तीन प्रकार की होती है।- घटकीय, अनुभाविक तथा संदर्भिक बुद्धि<br>1. घटकीय बुद्धि: घटकीय बुद्धि द्वारा व्यक्ति किसी समस्या का समाधान करने के लिए प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण करता है।<br>2. अनुभाविक बुद्धि: अनुभाविक या सृजनात्मक बुद्धि वह है जिसके द्वारा व्यक्ति किसी नई समस्या के समाधान हेतु अपने पूर्व के अनुभवों का सर्जनात्मक रूप से उपयोग करता है।<br>3. सांदर्भिक बुद्धि: सांदर्भिक या व्यावहारिक बुद्धि वह है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने दिन प्रतिदिन के जीवन में आने वाले पर्यावरणी मांगों से निपटता है।<br>(1+1+1अंक)<br>Robert Sternberg (1985) proposed the triarchic theory of intelligence. there are three basic types of intelligence: Componential, Experiential, and Contextual | 3<br><br>3 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | 1. Componential Intelligence: Componential or analytical intelligence is the analysis of information to solve problems. Persons high on this ability think analytically.<br><br>2. Experiential Intelligence: Experiential or creative intelligence is involved in using past experiences creatively to solve novel problems. It is reflected in creative performance.<br><br>3. Contextual Intelligence: Contextual or practical intelligence involves the ability to deal with environmental demands encountered on a daily basis.<br>(1+1+1Mark) | |
| 23 | PART - C<br><br>आत्म-नियंत्रण के लिए अनेक मनोवैज्ञानिक तकनीकें सुझाई गई हैं।<br>1. अपने व्यवहार का प्रेक्षण: यह एक ऐसी तकनीक है जिसके द्वारा आत्म के विभिन्न पक्षों को परिवर्तित, परिमार्जित अथवा सशक्त करने के लिए आवश्यक सूचनाएँ प्राप्त होती हैं।<br>2. आत्म-अनुदेश: यह एक अन्य महत्वपूर्ण तकनीक है। हम प्रायः अपने आपको कुछ करने तथा मनोवांछित तरीके से व्यवहार करने के लिए अनुदेश देते हैं। ऐसे अनुदेश आत्म-नियमन में प्रभावी होते हैं।<br>3. आत्म-प्रबलन: यह तीसरी तकनीक है। इसके अंतर्गत ऐसे व्यवहार पुरस्कृत होते हैं जिनके परिणाम सुखद होते हैं। उदाहरणार्थ, यदि आपने अपनी परीक्षा में अच्छा निष्पादन किया है तो आप अपने मित्रों के साथ फिल्म देखने जा सकते हैं।<br>(1+1+1अंक)<br><br>A number of psychological techniques of self-control have also been suggested.<br>1. Observation of own behaviour is one of them. | 3 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | This provides us with necessary information that may be used to change, modify, or strengthen certain aspects of self.<br>2. Self-instruction is another important technique. We often instruct ourselves to do something and behave the way we want to. Such instructions are quite effective in self-regulation.<br>3. Self-reinforcement is the third technique. This involves rewarding behaviours that have pleasant outcomes. For example, you may go to see a movie with friends, if you have done well in an examination.<br>(1+1+1Mark) | 3 |
| 24 | दबाव के कारण प्रतिरक्षा तंत्र की कार्यप्रणाली दुर्बल हो जाती है जिसके कारण बीमारी उत्पन्न हो सकती है। प्रतिरक्षा तंत्र शरीर के भीतर तथा बाहर से होने वाले हमलों से शरीर की रक्षा करता है प्रतिरक्षा तंत्र में श्वेत रक्त कोशिकाएं बाह्य तत्व जैसे वायरस को पहचान कर नष्ट करता है और रोग प्रतिकारकों का निर्माण भी करता है। प्रतिरक्षा तंत्र में ही टी - कोशिकाएं, बी - कोशिकाएं तथा प्राकृतिक रूप से नष्ट करने वाली कोशिकाओं सहित कई प्रकार के शवेताणु होते हैं। टी कोशिकाएं हमला करने वालों को नष्ट करती हैं तथा सहायक कोशिकाएं प्रतिरक्षात्मक क्रियाओं में वृद्धि करती है प्राकृतिक रूप से नष्ट करने वाली कोशिकाएं वायरस तथा ट्यूमर दोनों के विरुद्ध लड़ाई करती हैं। (3 अंक)<br><br>Stress can cause illness by impairing the workings of the immune system. The immune system guards the body against attackers, both from within and outside. The white blood cells within the immune system identify and destroy foreign bodies (antigens) such as viruses. It also leads to the production of antibodies. There are several kinds of white blood cells or leucocytes within the immune system, including T cells, B cells and natural killer cells. T cells destroy invaders, and T-helper cells increase immunological activity cells produce antibodies. Natural killer cells are involved in the fight against both viruses and tumours. (3Marks) | 3<br><br>3 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | OR<br>व्यक्ति दबावपूर्ण स्थितियों का सामना करने की युक्तियों के उपयोग में व्यक्तिगत भिन्नताएँ प्रदर्शित करते हैं जिनमें लंबे समय तक संगति पाई जाती है। इनके अंतर्गत प्रकट तथा अप्रकट दोनों प्रकार की क्रियाएँ सम्मिलित हैं। एंडलर (Endler) तथा पार्कर (Parker) द्वारा वर्णित दबाव का सामना करने की तीन युक्तियाँ या कौशल निम्नलिखित हैं -<br>1. कृत्य-अभिविन्यस्त युक्ति - दबावपूर्ण स्थिति के संबंध में सूचनाएँ एकत्रित करना, उनके प्रति क्या-क्या वैकल्पिक क्रियाएँ हो सकती हैं।<br>2. संवेग-अभिविन्यस्त युक्ति- इसके अंतर्गत मन में आशा बनाए रखने के प्रयास तथा अपने संवेगों पर नियंत्रण सम्मिलित हो सकते हैं।<br>3. परिहार-अभिविन्यस्त युक्ति- इसके अंतर्गत स्थिति की गंभीरता को नकारना या कम समझना सम्मिलित होते हैं। (1+1+1अंक)<br><br>Individuals show consistent individual differences in the coping strategies they use to handle stressful situations. These can include both overt and covert activities. The three coping strategies given by Endler and Parker are:<br>1. Task-oriented Strategy: This involves obtaining information about the stressful situation and about alternative courses of action and their probable outcome.<br>2. Emotion-oriented Strategy: This can involve efforts to maintain hope and to control one's emotions; it can also involve venting feelings of anger and frustration, or deciding that nothing can be done to change things.<br>3. Avoidance-oriented Strategy: This involves denying or minimising the seriousness of the situation. (1+1+1Mark) | 3<br><br>3 |
| 25 | मनोग्रस्ति व्यवहार: किसी विशेष विचार या विषय पर चिंतन को रोक पाने की असमर्थता। इससे ग्रस्त व्यक्ति अक्सर अपने विचारों को अप्रिय और शर्मनाक समझता है। | 3 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | (1.5अंक )<br>बाध्यता विकार - किसी व्यवहार को बार बार करने की आवश्यकता। कई तरह की बाध्यता में गिनना, आदेश देना, जांचना, छूना और धोना शामिल है।<br>(1.5 अंक )<br><br>Obsessive behaviour is the inability to stop thinking about a particular idea or topic. The person involved, often finds these thoughts to be unpleasant and shameful. (1.5Marks)<br>Compulsive behaviour is the need to perform certain behaviours over and over again. Many compulsions deal with counting, ordering, checking, touching and washing. (1.5Marks) | 3 |
| 26 | अभिवृत्ति मन की एक अवस्था है। यह किसी विषय के संबंध में विचारों का एक पुंज है जिसमें एक मूल्यांकनपरक विशेषता पाई जाती हैं।<br>अभिवृत्ति के तीन घटक हैं<br>1. विचारपरक घटक को संज्ञानात्मक पक्ष कहा जाता है।<br>2. संवेगिक घटक को भावात्मक पक्ष के रूप में जाना जाता है।<br>3. क्रिया करने की प्रवृत्ति को व्यवहारपरक या क्रियात्मक घटक कहा जाता है। संक्षेप में इन तीनों घटकों को अभिवृत्ति का ABC कहा जाता है। (1+1+1अंक)<br><br>Attitude is a state of mind. It is a set of views or thoughts regarding some topic which have an evaluative feature.<br>Attitude has three components<br>1. The thought component is referred to as the cognitive aspect.<br>2. The emotional component is known as the affective aspect.<br>3. The tendency to act is called the behavioural aspect. These three aspect have been referred to as the ABC (affective- behavioural- cognitive components) of attitude. (1+1+1Mark) | 3<br><br>3 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| 27 | मनश्चिकित्सा के नैतिक सिद्धांत<br><br>कुछ नैतिक मानक जिनका व्यवसायी मनश्चिकित्सकों द्वारा प्रयोग किया जाना चाहिए, वे हैं -<br><br>1. सेवार्थी से सुविज्ञ सहमति लेनी चाहिए।<br>2. सेवार्थी की गोपनीयता बनाए रखनी चाहिए।<br>3. व्यक्तिगत कष्ट और व्यथा को कम करना मनश्चिकित्सक के प्रत्येक प्रयास का लक्ष्य होना चाहिए।<br>4. चिकित्सक-सेवार्थी संबंध की अखंडता महत्वपूर्ण है।<br>5. मानव अधिकार एवं गरिमा के लिए आदर।<br>6. व्यावसायिक सक्षमता एवं कौशल आवश्यक हैं।<br>(प्रत्येक बिंदु के लिए 0.5 अंक)<br><br>Ethics in Psychotherapy<br>Some of the ethical standards that need to be practiced by professional psycho- therapists are :<br><br>1. Informed consent needs to be taken.<br>2. Confidentiality of the client should be maintained.<br>3. Alleviating personal distress and suffering should be the goal of all attempts of the therapist.<br>4. Integrity of the practitioner-client relationship is important.<br>5. Respect for human rights and dignity.<br>6. Professional competence and skills are essential.<br>(0.5 mark for each point) | 3<br><br>3 |
| 28 | PART - D<br><br>बुद्धि आनुवंशिकता (प्रकृति) और पर्यावरण (पोषण) की जटिल अंतःक्रिया का एक उत्पाद है। ऐसे कई उदाहरण हैं जो बताते हैं कि बुद्धि आनुवंशिकता (प्रकृति) और पर्यावरण (पालन-पोषण) का परिणाम है। जुड़वा बच्चों और गोद लिए गए बच्चों पर एक अध्ययन इसका समर्थन करता है।<br>* एक साथ पाले गए एक जैसे जुड़वाँ बच्चों की बुद्धिमत्ता लगभग 0.90 तक सहसंबद्ध होती है। बचपन में अलग हुए | 5 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | जुड़वा बच्चों की बौद्धिक, व्यक्तित्व और व्यवहार संबंधी विशेषताओं में भी काफी समानता दिखाई देती है।अलग-अलग वातावरण में पाले गए समान जुड़वां बच्चों की बुद्धिमत्ता 0.72 के आसपास होती है, एक साथ पाले गए भाई-बहनों की बुद्धिमत्ता लगभग 0.60 के आसपास होती है, और एक साथ पाले गए भाई-बहनों की बुद्धिमत्ता लगभग 0.50 के आसपास होती है, जबकि अलग-अलग पाले गए भाई-बहनों की बुद्धिमत्ता लगभग 0.25 के आसपास होती है।<br>* इसके अलावा, गोद लिए गए बच्चों के अध्ययन से पता चलता है कि बच्चों की बुद्धि गोद लेने वाले माता-पिता के बजाय उनके जैविक माता-पिता के समान होती है। पर्यावरण की भूमिका के संबंध में, अध्ययनों से पता चला है कि जैसे-जैसे बच्चों की उम्र बढ़ती है, उनकी बुद्धिमत्ता का स्तर उनके दत्तक माता-पिता के करीब होता जाता है।<br>* उच्च सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले परिवारों में गोद लिए गए वंचित घरों के बच्चों के बुद्धि स्कोर में बड़ी वृद्धि देखी गई है। इस बात के प्रमाण हैं कि पर्यावरणीय अभाव से बुद्धि कम होती है जबकि समृद्ध पोषण, अच्छी पारिवारिक पृष्ठभूमि और गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा से बुद्धि बढ़ती है।(5 अंक)<br><br>Intelligence is a product of complex interaction of heredity (nature) and environment (nurture). There are various which shows that intelligence is the result of heredity (nature) and environment (nurture). A study on twins and adopted children support this.<br>The intelligence of identical twins reared together correlate almost 0.90. Twins separated early in childhood also show considerable similarity in their intellectual, personality and behavioural characteristics. The intelligence of identical twins reared in different environments correlate 0.72, those of fraternal twins reared together correlate almost 0.60, and those of brothers and sisters reared together correlate about 0.50, while siblings reared | 5 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | apart correlate about 0.25.<br>Also, studies of adopted children show that children's intelligence is more similar to their biological rather than adoptive parents. With respect to the role of environment, studies have reported that as children grow in age, their intelligence level tends to move closer to that of their adoptive parents.<br>Children from disadvantaged homes adopted into families with higher socio-economic status exhibit a large increase in their intelligence scores. There is evidence that environmental deprivation lowers intelligence while rich nutrition, good family background, and quality schooling increases intelligence.(5 Marks)<br>OR<br>रचनात्मकता और बुद्धिमत्ता सकारात्मक रूप से सहसंबद्ध हैं क्योंकि उच्च क्षमता रचनात्मकता का घटक है, एक अत्यधिक बुद्धिमान व्यक्ति रचनात्मक नहीं हो सकता है लेकिन सभी रचनात्मक व्यक्ति निश्चित रूप से उच्च बुद्धि वाले होते हैं। _<br>(i) रचनात्मकता उन विचारों, वस्तुओं या समस्या समाधानों को उत्पन्न करने की क्षमता है जो नवीन, उपयुक्त और उपयोगी हों।<br>(ii) बुद्धि रचनात्मकता का उपसमुच्चय है।<br>(iii) टर्मन ने पाया कि उच्च बुद्धि वाले व्यक्ति आवश्यक रूप से रचनात्मक नहीं होते। उसी समय, रचनात्मक विचार ऐसे व्यक्तियों से आ सकते हैं, जो प्रतिभाशाली के रूप में पहचाने जाने वाले लोगों में से एक भी नहीं थे, जिन्होंने अपने वयस्क जीवन के दौरान पालन नहीं किया था, किसी क्षेत्र में रचनात्मकता के लिए प्रसिद्ध नहीं हुए थे।<br>(iv) शोधकर्ताओं ने पाया है कि अत्यधिक बुद्धिमान बच्चों और औसत बुद्धि वाले बच्चों में रचनात्मकता के उच्च और निम्न दोनों स्तर पाए जा सकते हैं। एक व्यक्ति बुद्धिमान होने के साथ-साथ रचनात्मक भी हो सकता है लेकिन यह जरूरी नहीं है | 5 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | कि प्रत्येक बुद्धिमान व्यक्ति रचनात्मक भी हो।<br>रचनात्मक परीक्षण बुद्धि परीक्षणों से भिन्न होते हैं:<br>(i) रचनात्मक परीक्षण रचनात्मक सोच की क्षमता को मापते हैं जबकि बुद्धि परीक्षण सामान्य मानसिक क्षमता को मापते हैं।<br>(ii) रचनात्मक परीक्षण अपसारी चिंतन को मापते हैं जबकि बुद्धि परीक्षण केवल अभिसारी चिंतन को मापते हैं।<br>(iii) रचनात्मक परीक्षण नए विचारों को उत्पन्न करने, नए संबंधों को देखने, कारणों और परिणामों का अनुमान लगाने और चीजों को एक नए संदर्भ में रखने की क्षमता के लिए कल्पना और सहज अभिव्यक्ति को मापते हैं। बुद्धि परीक्षण क्षमता को मापते हैं।<br>(iv) रचनात्मक परीक्षणों में प्रश्न मुक्त होते हैं जिनका कोई निर्दिष्ट उत्तर नहीं होता है जबकि बुद्धि परीक्षणों में अधिकतर समापन प्रश्नों का उपयोग किया जाता है। (5 अंक)<br><br>Creativity and intelligence are positively correlated because high ability is component of creativity, A highly intelligent person may not be creative but all the creative persons are definitely high in intelligence.<br>_<br>(i) Creativity is the ability to produce ideas, objects, or problem solutions that are novel, appropriate and useful.<br>(ii) Intelligence is subset of creativity.<br>(iii) Terman found that persons with high IQ were not necessarily creative. The same time, creative ideas could come from persons who did not even one of those identified as gifted, followed up throughout their adult life, had become well known for creativity in some field.<br>(iv) Researchers have found that both high and low level of creativity can be found in highly intelligent children and also children of average intelligence. The same person can be creative as well as intelligent but it is not necessary that intelligent once must be creative.<br>Creative tests are different from intelligence tests:<br>(i) Creative tests measure creative thinking ability whereas intelligence tests measure general mental ability. | 5 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) Creative tests measure convergent and divergent thinking whereas intelligence test measure convergent thinking only.<br>(iii) Creative tests measure imagination and spontaneous expression to produce new ideas, to see new relationship, to guess causes and consequences and ability to put things in a new context. Intelligence tests measure potential.<br>(iv) In creative tests questions are open-ended that have no specified answers whereas intelligence tests mostly use close ended questions.(5 Marks) | |
| 29 | प्रक्षेपी तकनीकों का विकास अचेतन अभिप्रेरनाओं और भावनाओं का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। ये तकनीकें इस अभिग्रह पर आधारित हैं कि असरचित उद्दीपक अथवा स्थिति व्यक्तियों को उस स्थिति पर अपनी भावनाओं, इच्छाओं और आवश्यकताओं को प्रेक्षपन करने का अवसर प्रदान करता है। (1 अंक )<br>विभिन्न प्रकार की प्रक्षेपी तकनीकों का विकास किया गया है<br>1. रोर्शा स्याही धब्बा परीक्षण<br>2. टी ए टी<br>3. रोजेनजविग का चित्र गत कुंठा अध्ययन<br>4. वाक्य समापन परीक्षण<br>5. व्यक्तंकन परीक्षण<br>किन्ही दो की व्याख्या (4 अंक ) | 5 |
| | Projective techniques were developed to assess unconscious motives and feelings. These techniques are based on the assumption that a less structured or unstructured stimulus or situation will allow the individual to project her/his feelings, desires and needs on to that situation.<br>(1 Mark)<br>1.The Rorschach Inkblot Test<br>2.Thematic apperception test<br>3. Rosenzweig's Picture Frustation study<br>4.Sentence completion test<br>5.Draw a person test<br>Explain any two (4 marks) | 5 |

collegedunia India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | OR<br><br>फ्रायड के सिद्धांत के अनुसार व्यक्तित्व के प्राथमिक संरचनात्मक तत्व तीन हैं इदम्, अहं और सुपर ईगो(0.5 अंक)<br>• इदम्: यह व्यक्ति की मूल प्रवर्तक ऊर्जा का स्रोत होता है। यह सुख के सिद्धांत पर कार्य करता है। इदम् को नैतिक मूल्य समाज और दूसरे लोगों की परवाह नहीं होती है।<br>• अहं: इसका विकास इदम् से होता है और यह व्यक्ति की मूल प्रवर्तक आवश्यकताओं की संतुष्टि वास्तविकता के धरातल पर करता है। व्यक्तित्व की यह संरचना वास्तविकता के सिद्धांत से संचालित होती है।<br>• सुपर ईगो: सुपर ईगो को समझने का और इसके विशेषता बताने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसको मानसिक प्रकारों की नैतिक शाखा के रूप में जाना जाए। यह इदम् और अहं को बताता है कि किसी विशिष्ट अवसर पर इच्छा विशेष की संतुष्टि नैतिक है अथवा नहीं।(प्रत्येक के 1.5 अंक )<br><br>According to Freud's theory, the primary structural elements of personality are three- Id, Ego, and Super ego.(0.5 mark)<br><br>• Id : It is the source of a person's instinctual energy. It works on the pleasure principle. Id does not care for moral values, society, or other individuals.<br><br>• Ego : It grows out of id, and seeks to satisfy an individual's instinctual needs to accordance with reality. It works by the reality principle.<br><br>• Superego : The best way to characterise the superego is to think of it as the moral branch of mental functioning. The super ego tells the id and ego whether gratification in a particular instance is ethical.<br>(1.5 mark for each) | 5<br><br>5 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| 30 | मनोविदलता एक ऐसा वर्णनात्मक शब्द है जो मनस्तापी विकारों के एक समूह के लिए प्रयोग किया जाता है जिसमे व्यक्ति की चिंतन प्रक्रिया मे बाधा, विचित्र प्रत्यक्षण, अस्वाभाविक सावेंगिक स्थितियाँ तथा पेशीय अपसामन्यता के परिणामस्वरूप उसकी व्यक्तिगत, सामाजिक और व्यावसायिक गतिविधियों में अवनति हो जाती है। (1अंक)<br>मनोविदलता के तीन लक्षण हैं -<br>• सकारात्मक लक्षण<br>• नकारात्मक लक्षण<br>• मन:चालित लक्षण<br>सकारात्मक लक्षण - इन लक्षणों मे व्यक्ति के व्यवहार में 'विकृत अतिशयता' तथा 'विलक्षणता का बढ़ना' पाया जाता है। मनोविदलता से ग्रसित व्यक्तियों में भ्रमाशक्ति,असंगठित चिंतन एवं भाषा, प्रवर्धित प्रत्यक्षण और विभ्रम तथा अनुपयुक्त भाव पाए जाते हैं।<br>1.भ्रमाशक्ति - यह एक झूठा विश्वास है जो अप्रायप्त आधार पर बहुत मजबूती से टिका होता है । मनोविदलता में -<br>उत्पीड़न भ्रमाशक्ति<br>संदर्भ भ्रमाशक्ति<br>अत्यहंमन्यता भ्रमाशक्ति<br>नियंत्रण भ्रमाशक्ति पाई जाती है .<br>2. औपचारिक चिंतन - मनोविदलता में व्यक्ति तर्कपूर्ण ढंग से नहीं सोच सकते तथा विचित्र प्रकार से बोलते हैं।<br>3. विभ्रांति - बिना किसी बाह्य उद्दीपक के प्रत्यक्षण करना। जैसे-श्रवण विभ्रांति, स्पर्शी विभ्रांति, दैहिक विभ्रांति,दृष्टि विभ्रांति,रस संवेदी विभ्रांति, घ्राण विभ्रांति।<br>4. अनुपयुक्त भाव - मनोविदलता के रोगी स्थिति के अनुरूप संवेग प्रदर्शित नहीं करते। (4 अंक)<br><br>Schizophrenia is the descriptive term of a group of psychotic disorders in which personal, social and occupational functioning deteriorate as a result of disturbed thought process, strange perceptions, unusual emotional states and motor abnormalities.(1 Mark) | 5 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | The symptoms of schizophrenia can be grouped into three categories,<br>A. Positive symptoms<br>B. Negative symptoms<br>C. Psychomotor symptoms<br>A. Positive symptoms: Delusions, disorganized speech and thinking, heightened perception, hallucination and inappropriate affects are the ones most often found in schizophrenia.<br>1.Delusions: a delusion is a false belief that is firmly held on inadequate grounds<br>-Delusions of persecution<br>-Delusions of reference<br>-Delusions of grandeur<br>-Delusion of control<br>2.Formal thought disorders<br>Extremely difficulty in communication.<br>Rapidly shifting from one topic to another.<br>3.Hallucinations:<br>Perception that occurs in absence of external stimuli.<br>-Auditory hallucinations.<br>-Tactile hallucinations (4 Marks)<br><br>(Explain all)<br>OR<br>मादक द्रव्यों से संबंधित और नशे की लत विकार नशे की लत व्यवहार, चाहे इसमें अत्यधिक कैलोरी भोजन का अत्यधिक सेवन शामिल हो जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक मोटापा होता है या शराब या कोकीन जैसे पदार्थों का दुरुपयोग शामिल होता है, आज समाज द्वारा सामना की जा रही सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। इसमें शामिल पदार्थ का लगातार उपयोग पदार्थ से संबंधित और नशे की लत विकारों के तहत शामिल है। इन विकारों में शराब, कोकीन, तंबाकू और ओपिओइड के उपयोग और दुरुपयोग से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं, जो लोगों के सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को बदल देती हैं।<br>शराब जो लोग शराब का दुरुपयोग करते हैं वे नियमित रूप से बड़ी मात्रा में पीते हैं और कठिन परिस्थितियों का सामना करने में मदद करने के लिए इस पर भरोसा करते हैं। आखिरकार | 5<br><br>5 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | शराब पीना उनके सामाजिक व्यवहार और सोचने और काम करने की क्षमता में हस्तक्षेप करता है। उनके शरीर तब शराब के लिए सहिष्णुता का निर्माण करते हैं और उन्हें इस प्रभावों को महसूस करने के लिए और भी अधिक मात्रा में पीने की आवश्यकता होती है। जब वे पीना बंद कर देते हैं तो वे वापसी प्रतिक्रियाओं का भी अनुभव करते हैं। शराब लाखों परिवारों, सामाजिक संबंधों और करियर को नष्ट कर देती है। नशे में धुत वाहन चालक कई सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस विकार वाले व्यक्तियों के बच्चों पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। इन बच्चों में मनोवैज्ञानिक समस्याओं, विशेष रूप से चिंता, अवसाद, फोबिया और पदार्थों से संबंधित विकारों की उच्च दर होती है। अत्यधिक शराब पीना शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। (5 अंक)<br><br>Substance-Related and Addictive Disorders Addictive behaviour, whether it involves excessive intake of high calorie food resulting in extreme obesity or involving the abuse of substances such as alcohol or cocaine, is one of the most severe problems being faced by society today. consistent use of the substance involved are included under substance related and addictive disorders. These disorders include problems associated with the use and abuse of alcohol, cocaine, tobacco and opioids among others, which alter the way people think, feel and behave.<br>Alcohol People who abuse alcohol drink large amounts regularly and rely on it to help them face difficult situations. Eventually the drinking interferes with their social behaviour and ability to think and work. Their bodies then build up a tolerance for alcohol and they need to drink even greater amounts to feel its effects. They also experience withdrawal responses when they stop drinking. Alcoholism destroys millions of families, social relationships and careers. Intoxicated drivers are responsible for many road accidents. It also has serious effects on the children of persons with this disorder. These children have higher rates of psychological problems, particularly anxiety, depression, phobias and substance-related disorders. Excessive drinking can | 5 |

collegedunia
India's largest Student Review Platform

| | | |
|---|---|---|
| | seriously damage physical health.(5 Marks)<br><br>• यदि परीक्षार्थी ने अंक योजना से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दिए हैं, तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएं।<br>• If an examinee writes an acceptable answer which is not given in the marking scheme he or she may be awarded marks. | |

collegedunia
India's largest Student Review Platform